Title: Need to release funds for the Maharajganj-Mashrak rail line and to extend the rail line upto Permanandpur in Bihar.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : अध्यक्ष महोदय, महाराजगंज-मशरक रेल लाईन की स्वीकृति तत्कालीन रेल मंत्री जी द्वारा कर दी गयी थी। उक्त रेल लाइन का शिलान्यास भी रेल मंत्री द्वारा करा दिया गया था, परन्तु कार्य अभी आरंभ नहीं हुआ है।

स्थानीय जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस रेल लाईन का विस्तार कर मशरक से तरैया-अमनौर-मेल्दी-दरियापुर-शीतलपुर-परमानन्दपुर से जोड़ा जाये तो उस क्षेत्र के यात्रियों को काफी सुविधा होगी।

मैं सदन के माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि पूर्व से स्वीकृत महाराजगंज-मशरक रेल लाईन का कार्य शीघ्र प्रारम्भ करने हेतु राशि मुक्त किया जाये तथा मशरक से परमानन्दपुर तक नई रेल लाईन के विस्तार हेतु सर्वेक्षण करा कर कार्य प्रारंभ कराया जाये।